संख्या- 10/2018/215/24-1-18-459/2017

प्रेषक:

इन्द्रराज सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 19 जनवरी, 2018**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2017-18 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण कार्यों हेतु अंशपूँजी मद में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-03/2018/3245/24-1-17-549/2017, दिनांक 02 जनवरी, 2018 द्वारा ऊर्जा विभाग हेतु समाज कल्याण विभाग के अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रूपये 23,00,00,000/- (रूपये तेईस करोड़ मात्र) को स्वीकृत कर आहरित किये जाने की वित्तीय स्वीकृति की गयी है।

2- इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-03/2018/3245/24-1-17-549/2017, दिनांक 02 जनवरी, 2018 के प्रस्तर सं0-5 को निम्नवत संशोधन किया जाता है:-

इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक ''4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-06-ग्रामीण विद्वुतीकरण-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-07-दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत विद्वुत वितरण कार्यों हेतु अंशपूँजी-30-निवेश/ऋण'' के नामे डाला जायेगा।

3- अत: शासनादेश संख्या-03/2018/3245/24-1-17-549/2017, दिनांक 02 जनवरी, 2018 को उपरोक्त सीमा तक संशोधित पढा जाय एवं शासनादेश में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-यू0ओ0-11/दस-2018, दिनांक 19 जनवरी, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त् सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 10 /2018/215(1)/24-1-18, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (वयय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ राज्य योजना आयोग अनुभाग-1
6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त् सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in